# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**19.05 भानिवार** **दिनांक 17.08.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में सत्रहवें ''दिव्य कला मेला'' का किया शुभारंभ–रायपुर में दिव्यांगजन पार्क निर्माण की घोषणा की।

- छत्तीसगढ़ में दो नई रेल परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की मिली स्वीकृति–कोरबा से अंबिकापुर और गढ़चिरौली से बीजापुर होते हुए बचेली तक नई रेललाइन का होगा सर्वे।

- बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को किया गिरफ्तार।

- राज्य सरकार ने उन्नीस अगस्त रक्षाबंधन पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया।

### केन्द्रीय मंत्री–दिव्य कला मेला–01

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में सत्रहवें ''दिव्य कला मेला'' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने रायपुर में दिव्यांगजन पार्क निर्माण की घोषणा की। इस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने पार्क निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का ऐलान किया।

केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के अद्वितीय कौशल और उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने की है। इसी उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं सांचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में संचालित राज्य संसाधन केन्द्र–सीआरसी के नये भवन बनने के बाद वहां दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। डॉक्टर कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी दिव्य कला मेला का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दिव्य कला मेला ने दिव्यांजनों की रचनात्मकता, कौशल और सृजनशीलता को एक मंच प्रदान किया है, जिससे वे अपने उत्पादों को देश–विदेश में प्रदर्शित कर सके। उन्होंने कहा कि दिव्य कला मेला के आयोजनों ने न सिर्फ दिव्यांगजनों की भागीदारी को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को भी सुनिश्चित किया है। समारोह को उप मुख्यमंत्री अरूण साव, समाज कल्याण और महिला तथा बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

### केन्द्रीय मंत्री–दिव्य कला मेला–02

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने बलौदाबाजार जिले के चार दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल तथा एक दिव्यांग को ट्रायसाइकिल प्रदान किया। वहीं, ग्यारह दिव्यांग हितग्राहियों को ट्रैक्टर, ई–रिक्शा क्रय, ट्रैक्टर ट्रॉली, मेडिकल स्टोर्स, रेडीमेट गारमेंट, किराना दुकान, सेंटरिंग प्लेट और टेंट हाउस व्यवसाय के लिए ऋण राशि के चेक वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने आकांक्षा इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को उनकी मनमोहक प्रस्तुति के लिए पुरस्कार स्वरूप इंक्यावन हजार रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। मेले में मुख्यमंत्री को हीरा धृतलहरे ने अपने हाथों से बनाई पैरा शिल्प पोट्रेट भेंट की। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। गौरतलब है कि रायपुर में आयोजित दिव्य कला मेला तेईस अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जो सुबह दस बजे से रात नौ बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

### रेल परियोजना–स्वीकृति

रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत छत्तीसगढ़ में करीब सत्रह करोड़ रूपए की लागत की छह सौ सत्तर किलोमीटर की दो नई रेललाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण को स्वीकृति दी है। इन रेल लाइन परियोजनाओं में गढ़चिरौली से बीजापुर होते हुए बचेली तक चार सौ नब्बे किलोमीटर की नई रेललाइन

को स्वीकृति दी गई है। इसके सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने बारह करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। वहीं, कोरबा से अंबिकापुर तक एक सौ अस्सी किलोमीटर की नई रेल लाइन के सर्वे को भी स्वीकृति दी गई है। इसके लिए रेल मंत्रालय ने साढ़े चार करोड़ रूपए की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की स्वीकृति से बस्तर और सरगुजा संभाग में रेलवे के क्षेत्र में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे।

**देवेन्द्र यावद–गिरफ्तार**

बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने आज भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इस मौके पर विधायक के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प होने की भी खबर है। पुलिस द्वारा विधायक देवेन्द्र यादव को पूछताछ के लिए तीन बार नोटिस जारी किया गया था, लेकिन नोटिस के बावजूद पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि गिरौधपुरी में पवित्र जैतखांभ में तोड़फोड़ के विरोध में बीते दस जून को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में सतनामी समाज द्वारा प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने कलेक्टर और एसपी कार्यालय में आग लगा दी थी। इस घटना के बाद कलेक्टर और एसपी को निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने अब तक एक सौ सत्तर से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, सभास्थल पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में विधायक देवेन्द्र यादव को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया था।

**रक्षाबंधन–सार्वजनिक अवकाश**

राज्य सरकार ने उन्नीस अगस्त रक्षाबंधन पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के अवसर पर पूर्व में सामान्य अवकाश घोषित किया था। अब नई अधिसूचना के अनुसार उन्नीस अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर छत्तीसगढ़ में निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

**किसान–सम्मेलन**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के रायपुर स्थित राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान में आज लाभार्थी किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति उप–योजना के अंतर्गत खरोरा, तिल्दा और आरंग तहसील के गोद लिए गए सोलह गावों के अलावा जनजाति उप–योजना के गोद ग्राम के तीन सौ से अधिक किसानों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथित विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह थे। वहीं, विशिष्टि अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा विधायक अनुज शर्मा भी शामिल हुए। इस अवसर पर किसानों को कृषि उपकरणों का वितरण किया गया।

**डॉक्टर–हड़ताल**

कोलकाता के आरजीके मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन–आई.ए.एम. के आह्वान पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर के डॉक्टर हड़ताल पर है। हड़ताल के कारण सरकारी और निजी अस्पतालों में ओपीडी तथा ऑपरेशन सहित अन्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अस्पतालों में सिर्फ आपातकालीन सेवा जारी है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ प्रवक्ता सुरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के सभी चिकित्सक और नर्सिंग होम में आज सुबह छह बजे से कल शाम छह बजे तक केवल आपातकालीन सेवा ही जारी रहेगी। अन्य सभी चिकित्सकीय कार्य बंद रहेगा। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए उनसे व्यापक जनहित में कार्य पर लौटने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का सुझाव देने के लिए एक समिति बनाई जाएगी और राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**उपमुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक**

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज रायपुर में लोरमी विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड और तहसील स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में श्री साव ने लोरमी क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति सहित सभी विभाग के कार्यों की बारी–बारी से समीक्षा की

और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में लोरमी प्रदेश में नजीर बने। उपमुख्यमंत्री ने लोरमी के मुख्य नगर पालिका के अधिकारी को शहर में नगर पालिका के अनुरूप सुविधाएं विकसित करने को कहा। उन्होंने क्षेत्र में पीडीएस दुकानों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

**'किसानों की बात''**

केन्द्र सरकार नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों तक किसानों की पहुंच बनाने के लिए रेडियो पर एक कार्यक्रम **''किसानों की बात''** आरंभ करेगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम **मन की बात** की तर्ज पर होगा। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम सितम्बर में शुरू होगा।

**जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''बीजापुर''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन**

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

**भाजपा नेता–हमला**

बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम में भाजपा के जिला महामंत्री बिलाल खान को आज उनके ही एक सुरक्षा कर्मी ने गोली मारने की कोशिश की। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी जवान को निलंबित कर उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह भाजपा नेता की सुरक्षा में तैनात आरक्षक नागेश टिंगे ने नशे की हालात में घर में घुसकर अपनी सर्विस रायफल से भाजपा नेता पर गोली चलाने का प्रयास किया, तभी एक अन्य सुरक्षा कर्मी ने घर का दरवाजा बंद कर भाजपा नेता की जान बचाई।

**बैडमिंटन प्रतियोगिता**

जांजगीर के शासकीय टीसीएल कॉलेज में तेईसवीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगता का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में पच्चीस जिलों के एक सौ इकहत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें राष्ट्रीय खिलाड़ी रायपुर के रौनक चौहान भी शामिल हुए। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ब्यास कश्यप ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में मिक्स डबल्स, मेंस डबल्स, मेंस सिंगल, वुमेंस डबल्स और वुमेंस सिंगल्स खिलाडियों के बीच मैच हुआ। इस दौरान अलग–अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज रायपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राज्य के संभागायुक्तों और कलेक्टरों की बैठक ली। बैठक में श्री जैन ने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू में इस सत्र में प्रवेश के लिए नामांकन और पुनः पंजीयन की तिथि इकतीस अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि चौदह अगस्त तक निर्धारित थी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>